समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 17 October 2026

7 महीने बाद बीजेपी की नई टीम का ऐलान, वसुंधरा राजे को उपाध्यक्ष पद ; स्मृति ईरानी की वापसी, अमित मालवीय की छुट्टी

Sanket Morankar

Published on 17 Aug 2026

भारतीय जनता पार्टी ने करीब **7 महीने बाद नितिन नबीन की नई टीम का ऐलान** कर दिया है। नई टीम में कई वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री **वसुंधरा राजे** को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री **स्मृति ईरानी** की महासचिव के तौर पर संगठन में वापसी हुई है।

नई टीम में कुल **8 राष्ट्रीय महासचिव** बनाए गए हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री **पीयूष गोयल** को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के संगठन महासचिव के पद पर **बीएल संतोष** पहले की तरह बने रहेंगे।

वसुंधरा राजे समेत 13 नेताओं को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

नितिन नबीन की नई टीम में **वसुंधरा राजे, राम माधव, तीरथ सिंह रावत, बैजयंत जय पांड्या, रेखा वर्मा, डी. पुरंदेश्वरी, भारती पवार, मनप्रीत बादल, वी. नरेंद्रं भाई दोषी, लाल सिंह आर्या, एम. नागराज, तारिक मंसूर और मधुचंद्र कर** को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है।

वसुंधरा राजे को नई टीम में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना राजस्थान की राजनीति के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

स्मृति ईरानी की संगठन में वापसी

नई टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री **स्मृति ईरानी** को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। महासचिव पद की जिम्मेदारी पाने वाले अन्य नेताओं में **सुनील बंसल, विनोद तावड़े, बिप्लब देव, सतीश पूनिया, गजेंद्रं पटेल, हरीश द्विवेदी और संजय भाटिया** शामिल हैं।

इस तरह नई टीम में संगठन के अनुभव और अलग-अलग राज्यों के नेताओं को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश दिखाई देती है।

अमित मालवीय की छुट्टी, दीपक महस्के को नई जिम्मेदारी

बीजेपी की नई टीम में सबसे चर्चित बदलावों में से एक **अमित मालवीय** से जुड़ा है। लंबे समय तक पार्टी के आईटी सेल की जिम्मेदारी संभालने वाले अमित मालवीय को नई टीम में यह जिम्मेदारी नहीं दी गई है।

उनकी जगह **दीपक महस्के** को सोशल मीडिया का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे बीजेपी के डिजिटल और सोशल मीडिया संगठन में भी बदलाव देखने को मिला है।

पीयूष गोयल बने कोषाध्यक्ष

नई टीम में केंद्रीय मंत्री **पीयूष गोयल** को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें **राजेश अग्रवाल की जगह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष** नियुक्त किया गया है।

वहीं **राजेश मंगल** को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया है। **तरुण चुग** को मुख्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बीएल संतोष के पास संगठन महासचिव का पद बरकरार

बीजेपी संगठन में **बीएल संतोष** को संगठन महासचिव के पद पर बरकरार रखा गया है। वहीं **सौदान सिंह और शिवप्रकाश** को सह संगठन महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष **बीडी शर्मा** को सभी इकाइयों का कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।

नई टीम में **10 महिलाओं को शामिल** किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

राष्ट्रीय सचिवों की नई टीम

बीजेपी की नई टीम में राष्ट्रीय सचिव के तौर पर **कविता पाटीदार, के. सुरेंद्रन, भोला सिंह, प्रदीप वर्मा, जगदीश पटेल, संदीप पाठक, फेगंनोन कोनयाक, संगीता यादव, अनिल एंटनी, एम. वेकंटेशन, मनोज टिग्गा, सिद्धार्थ शंभु, स्वदेश सिंह, मृगांका देब वर्मन, रोहन गुप्ता और जय प्रकाश** को जिम्मेदारी दी गई है।

मोर्चों की कमान भी तय

पार्टी के विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। **हेमांग जोशी** को युवा मोर्चा, **रूप चौधरी** को महिला मोर्चा, **अमरपाल मौर्य** को ओबीसी मोर्चा, **शिवेश राम** को एससी मोर्चा, **बंसीलाल गुर्जर** को किसान मोर्चा, **मन्नालाल रावत** को एसटी मोर्चा और **कुंवर बासित अली** को अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी दी गई है।

कई पुराने नेताओं को नई टीम में जगह नहीं

नई टीम में कई ऐसे नेताओं को जगह नहीं मिली है, जो पिछली टीम में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल रहे थे।

महासचिव पद पर रहे **अरुण सिंह, दुष्यंत गौतम, तरुण चुग और राधामोहनदास अग्रवाल** को नई टीम में महासचिव की जिम्मेदारी नहीं दी गई है।

इसी तरह सचिव पद पर कार्यरत **अरविंद मेनन, पंकजा मुंडे, नरेद्रं सिंह, अलका गुर्जर, ओमप्रकाश धुर्वे, रितुराज सिन्हा, कामाख्या प्रसाद ताशा और सुरेद्रं नागर** को भी नई टीम में शामिल नहीं किया गया है।

वहीं पिछली टीम में उपाध्यक्ष रहे **सरोज पांडेय, डीके अरुणा, एम. चुबा राव और अब्दुल्ला कुट्टी** भी नई टीम का हिस्सा नहीं हैं।

करीब सात महीने बाद बीजेपी की नई राष्ट्रीय टीम के ऐलान के साथ पार्टी संगठन मे कंई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए है। वसुंधरा राजे को उपाध्यक्ष और स्मृति ईरानी को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पीयूष गोयल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है और अमित मालवीय को आईटी सेल की जिम्मेदारी से हटाकर दीपक महस्के को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

नई टीम में अनुभवी नेताओं के साथ विभिन्न राज्यों और सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है। साथ ही पिछली टीम के कई नेताओं को इस बार संगठन में जगह नहीं मिली है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which

effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.